# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-06.07.2025**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-**

आज दिनांक 06.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.आश मौहम्मद पुत्र यासीन निवासी मौहल्ला गुम्बद थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।



**<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा युवती के अपहरण के षडयंत्र के मामले में 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामदः-</u>**

ज्ञात हो कि थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत पीड़िता के परिजन द्वारा दिनांक 25.06.2025 को थाना कैराना पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना को निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 06.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा युवती के अपहरण के षडयंत्र के मामले में 01 अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अभियुक्त बोबी व अभियुक्त सोमवती को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.रोहित पुत्र नानू निवासी ग्राम पंजीठ थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस रजि0नं0 UP19V7424



**<u>थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान व अवैध चाकू बरामदः-</u>**

ज्ञात हो दिनाँक 02.06.2025 को श्री निर्दोष पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम कच्चीगढ़ी उर्फ गढ़ीअब्दुल्ला खां थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली के घर से अज्ञात चोर द्वारा सामान चोरी कर लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में वादी श्री निर्दोष की तहरीर के आधार पर थाना गढ़ीपुख्ता पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 05.07.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त को चोरी किये गये सामान सामान सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़ीपुख्ता पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अभियुक्त जैद को दिनाँक 04.06.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.तौफीक पुत्र फरीद निवासी ग्राम गढ़ीअब्दुल्ला खां थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.घर से चोरी किया गया सामान (एक जोड़ी पायल, एक हाथ का तोड़ा सफेद धातू)।

2.एक अवैध चाकू।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा सट्टा लगाते हुए 01 जुआरी गिरफ्तार, कब्जे से नगदी, सट्टा पर्ची व पैन बरामदः-**

आज दिनांक 06.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर 01 जुआरी को सट्टा लगाते हुये नगदी 550/- रुपये एवं 03 सट्टा पर्ची व पैन सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.पवन पुत्र सकटू निवासी ग्राम बदलूगढ़ थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.नगदी 550/- रुपये।

2.तीन सट्टा पर्ची व पैन।



**<u>थाना झिंझाना पर संचालित साइबर सेवा केन्द्र द्वारा की गयी कार्यवाही में ठगी की गयी 19,800/- रुपये की धनराशि शतप्रतिशत वापस कराई गईः-</u>**

ज्ञात हो दिनांक 31.03.2025 को श्री प्रद्युमन पुत्र सरवन निवासी ग्राम पठानपुरा थाना कैराना जनपद शामली के बैंक खाते से 19,800/- रुपये की धनराशि बैंक खाते से डेबिट होने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना साइबर सेवा केन्द्र पर साईबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के निर्देशन में साइबर सेवा केन्द्र थाना झिंझाना एवं साइबर थाना शामली द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए उपरोक्त **शत प्रतिशत धनराशि 19,800/- रुपये** वापस कराई गई। श्री प्रद्युमन निवासी उपरोक्त द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेवा केन्द्र थाना झिंझाना एवं साइबर थाना शामली का आभार व्यक्त किया है।




**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**